>

Title: Need to take steps to prevent increasing number of road accidents on the Mangawan-Chakghat-Allahabad stretch on NH-27.

श्री देवराज सिंह पटेल (रीवा): सभापति महोदय, आपने मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं अपने लोकसभा क्षेत्र रीवा, जो मध्य प्रदेश के अंतर्गत आता है, इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27, जो रीवा जिले के मनगवां से लेकर, चाकघाट होते हुए उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले तक जाती है, वह अत्यन्त दयनीय हालत में व जर्जर है। मैं आपके माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। रीवा के मनगवां, चाकघाट से इलाहाबाद तक राष्ट्रीय राजमार्ग 27 में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिसके कारण प्रतिदिन कई दुर्घटनाएं होती हैं। इसमें धन-जन की बहुत हानि होती है। रात्रि में दो-पहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की बात आम हो गयी है।

यह सौ किलोमीटर को जो एरिया है, इसमें रोड के दोनों तरफ जो बस्तियां बनी हैं, उन बस्तियों में प्रदूषण के कारण वहां के निवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वहां टीबी और अस्थमा जैसी दो गंभीर बीमारियाँ लोगों को हो रही हैं और साथ ही साथ वहां आए दिन एक्सीडेंट भी होते हैं। मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि इन लोगों की इन बीमारियों की भी जांच करायी जाए और इस राष्ट्रीय राजमार्ग की अच्छी तरह से मरम्मत करायी जाए। धन्यवाद।